Ehindistudy.com

Visual Basic in Hindi – विजुअल बेसिक क्या है?

Visual Basic एक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है जिसे 1991 में माइक्रोसॉफ्ट ने विकसित किया था। विजुअल बेसिक का इस्तेमाल विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम की एप्लीकेशन को विकसित करने के लिए किया जाता है।

विजुअल बेसिक को windows ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए विकसित किया गया है। पहले visual basic को BASIC के नाम से जाना जाता था।
Visual Basic को शार्ट फॉर्म में VB कहा जाता है। यह एक प्रोग्रामिंग भाषा है, जिसे माइक्रोसॉफ्ट के द्वारा उनके ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए develop (विकसित) किया गया है। इस भाषा का उपयोग एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर को develop करने के लिए किया जाता है।

यह भाषा प्रोग्रामर को GUI (Graphical User Interface) करती है। इस भाषा को कंप्यूटर की third generation के दौरान विकसित किया गया था। कंप्यूटर की third generation के दौरान बहुत सी प्रोग्रामिंग भाषाओ को विकसित किया गया था, जिनमे COBOL, FORTRAN जैसी भाषाए शामिल थी।
लेकिन इन भाषाओ को सिखना और समझना किसी भी यूजर के लिए मुश्किल होता था, इसलिए वर्ष 1964 मे Thomas Kurtz और Denis Ritchi के द्वारा एक प्रोग्रामिंग भाषा को विकसित किया गया जिसका नाम BASIC (Beginners All Purpose Symbolic Instruction Code) रखा गया।

जिस समय माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम को लांच किया था, ठीक उसी समय Windows Programming के लिए BASIC भाषा के नए वर्शन को भी लांच कर दिया गया था , जिसका नाम Visual Basic रखा गया।

इस भाषा का syntax काफी सरल है जिसकी वजह से इस भाषा को सिखना और समझना काफी आसान है और इस भाषा में यूजर या developer अपनी इच्छा के अनुसार एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर को create कर सकता है।

Features of Visual Basic in Hindi – विजुअल बेसिक की विशेषताएं

इसकी विशेषताएं निम्नलिखित होती हैं:-

1:- यह एक ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है जो OOPS के सभी Features को Support करती है।
2:- यह भाषा user interface डिज़ाइन करने में मदद करती है।

3:- इस भाषा में यूजर को application का निर्माण करने के लिया ज्यादा कोड नहीं लिखना पड़ता।

4:- यह भाषा visual studio का उपयोग करके developer को integrated development environment प्रदान करती है।

5:- विजुअल बेसिक एक object पर आधारित प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है जिसमें यूजर tools का इस्तेमाल करके एप्लीकेशन को डिज़ाइन कर सकता है।

6:- इस लैंग्वेज में एक शक्तिशाली data access टूल होता है जिसके द्वारा यूजर front end database का निर्माण कर सकता है।

7:- इस भाषा में यूजर को auto complete का फीचर मिलता है जिसकी मदद से यूजर को पूरा कोड लिखने की ज़रूरत नहीं पड़ती , कोड अपने-आप complete (पूरा) हो जाता है।

8:- इसका प्रयोग Graphical User Interface के लिये भी किया जाता है।

9:- इस लैंग्वेज में एक ऐसा फीचर होता है जो Programs को अपने-आप Compile कर देता है।

10:- इसमें एक कोड एडिटर होता है जो खुद ही Syntax Error को check करके error (गलतियों) को दिखा देता है।

11:- यह भाषा developer और user की मदद ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीको से करती है।

Ehindistudy.com

All Versions of Visual Basic – विजुअल बेसिक के सभी वर्शन

1- Visual Basic 1.0 (Window)

यह visual basic का पहला वर्शन है जिसे माइक्रोसॉफ्ट के द्वारा वर्ष 1991 में लॉन्च किया गया था। इस वर्शन में एप्लीकेशन को डिज़ाइन करने के लिए पहले एक यूजर इंटरफ़ेस बनाया जाता था उसके बाद कोड को add किया जाता था।

इस वर्शन का उपयोग ज्यादातर business application बनाने के लिए किया जाता था। इस वर्शन को जॉर्जिया के Atlanta मे (Comdex/Windows World Trade Show) के दौरान लांच किया गया था।

2– Visual Basic 1.0 (DOS)

इस वर्शन को माइक्रोसॉफ्ट के द्वारा वर्ष 1992 में लॉन्च किया गया था। माइक्रोसॉफ्ट के इस वर्शन का इस्तेमाल GUI (Graphical User Interface) के Appearance को Simulate करने के लिए किया जाता था।

यह वर्शन यूजर इंटरफ़ेस को कण्ट्रोल करने में मदद करता है। इस वर्शन में Button, Text Box, Checkbox, Combo Box, List जैसे कॉम्पोनेन्ट शामिल है।

3– Visual Basic 2.0 (windows)

इस वर्शन को नवंबर 1992 में लांच किया गया था। यह विजुअल बेसिकका तीसरा वर्शन था। यह वर्शन Visual Basic 1.0 (DOS) और Visual Basic 1.0 (window) की तुलना में काफी सरल और तेज था।

4– Visual Basic 3.0 (windows)

यह एक Standard और Professional Version था। इस वर्शन को माइक्रोसॉफ्ट ने वर्ष 1993 में लांच किया था। इस Version मे Microsoft ने Jet Database Engine को add किया था। Visual Basic 3.0 वर्शन exe files को Create करने में सक्षम नहीं था।

5– Visual Basic 4.0 (window)

इस वर्शन को वर्ष 1995 में लॉच किया गया था। इस वर्शन का उपयोग 32-bit Application और 16-bit के Windows Program को Develop करने के लिए किया जाता था। इसके अलावा Visual Basic 4.0 का उपयोग non-GUI Classes को लिखने के लिए किया जाता था।

6– Visual Basic 5.0 (Windows)

विजुअल बेसिकके इस वर्शन को windows के 32-bit Version के लिए launch किया गया था। Visual Basic 5.0 को वर्ष 1997 में लांच किया गया था।

7– Visual Basic 6.0 (windows)

इस वर्शन को माइक्रोसॉफ्ट ने वर्ष 1998 में लांच किया था। इस वर्शन में कुछ नए फीचर्स को add किया गया था, जिनकी मदद से यूजर इस वर्शन में Web Based Application को डिज़ाइन कर सकता था।

Ehindistudy.com

IMPLEMENTING NAVIGATIONAL DESIGN

Implementing Navigational Design

Introduction

एक Visual Basic Application की Functionality को Improve करने के लिए Menu Bars बहुत ही सरल तरीका प्रदान करते हैं। Menu Bars का प्रयोग करके हम अपने Program को ज्यादा बेहतर तरीके से Control कर सकते हैं। Menu Bar हमेंशा ज्यादातर Applications में Top पर होता है।

Visual Basic IDE हमें एक Built-In Menu Editor प्रदान करता है, जिसका प्रयोग करके हम काफी आसानी से अपने Application का Menu Create कर सकते हैं। एक बार Menu Bar को Create कर देने के बाद हम Menu के किसी भी Option को जिस तरह से चाहें उस तरह से Program करके Use कर सकते हैं।

इस Top Level Menu Bar के अलावा एक और प्रकार का Menu Window Based Applications में Create किया जाता है, जिसे Popup Menu कहते हैं। ये Menu किसी Particular Control के लिए Define किए जाते हैं, इसलिए ये Control Specific Menu भी कहलाते हैं। इस प्रकार के Menus को अक्सर Context-Sensitive Menu भी कहा जाता है। User को Customized Menu Options प्रदान करने के लिए हम Menus को Program के Runtime में भी Create कर सकते हैं।

Understanding Menu Basics

Applications Menu Bars का प्रयोग Commands के एक Organized Collection Represent करने के लिए Define किए जाते हैं। ये Menu Bars User को सारांश के रूप में Application की Capabilities की Information देते हैं। यदि किसी Program में उचित रूप से Organize किया गया Menu Bar हो, तो User काफी आसानी से Application व उसके विभिन्न Commands को समझ सकता है। User इन Menu Bar के Options के साथ Assign की गई Shortcut Keys को भी आसानी से समझ सकता है और उपयोग में ले सकता है।

चूंकि एक Menu Bar का Application के User के लिए काफी महत्व होता है, इसलिए एक Programmer को काफी सावधानी व सतर्कता के साथ Menu को Design करना होता है, ताकि वह User को Application के सम्बंध में ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान कर सके।

Programmers Visual Basic 6 में दो तरीकों से Menus को Create कर सकते हैं। पहले तरीके में एक Programmer Visual Basic 6 के IDE के साथ आने वाले Built-In Menu Editor का प्रयोग करके Menus Develop कर सकता है। इस तरीके को Use करके काफी तेजी से Menu को Design व Maintain किया जा सकता है। एक बार Menu को Design कर लेने के बाद Menu के हर Item की Properties को Programmatically Set किया जा सकता है।

दूसरे तरीके से Menu को Create करने के लिए Programmer को Windows के Win-32 API Functions का प्रयोग करना होता है। Win-32 API Functions Low Level Functions होते हैं, जिन्हें Operating System प्रदान करता हैं और Visual Basic द्वारा इन्हें Use किया जाता है।

Win32 API Functions के समूह के Specialized Functions को Use करके एक Programmer, Menu Items Create कर सकता है, Items की Property को Set कर सकता है और Menu के Structure को Change कर सकता है। API में जो Functionality होती हैं,

उनमें से ज्यादातर Functionality Menu Editor में भी Available होती हैं। हालांकि ये API हमें Menu की क्षमताओं को बढाने की सुविधा प्रदान करती हैं, लेकिन इन्हें Use करना काफी जटिल प्रक्रिया होती है।

Menu Creation With Menu-Editor

Menu Editor का प्रयोग करके Menu Create करने के लिए हमें सबसे पहले Visual Basic IDE में Standard EXE Project को Select करना होता है। वैसे हम किसी भी प्रकार के Project में Menu को Add कर सकते हैं, लेकिन हम हमारे ज्यादातर उदाहरणों में Standard EXE Project को ही Use करेंगे, क्योंकि ये काफी Flexible होता है और हम इसे विभिन्न प्रकार के अन्य Project के रूप में Define करके Use कर सकते हैं।



इस चित्र में हम देख सकते हैं कि Form के सबसे Top पर दिखाई देने वाले Menu को Top-Level Menu कहा जाता है, जबकि इस Menu से Related Menu को Sub-Menu कहा जाता है। हम हमारी जरूरत के आधार पर जितने चाहें, उतने Sub-Level तक Sub-Menus Create कर सकते हैं।

Sub-Menu तब Appear होता है, जब हम Top-Level Menu को Open करते हैं। Sub-Menu विभिन्न प्रकार के Commands को Implement करता है, जो कि Logically Top-Level Menu से सम्बंधित होते हैं। चित्र में दिए गए उदाहरण में हमने File Menu Create किया है, जो कि ज्यादातर Applications में होता है। ये एक Top-Level Menu है और इस Menu में सामान्यतया File से Related Options जैसे कि New, Open, Close, Save, Save As आदि होते हैं। ये Options उन Commands को Execute करते हैं, जो कि Currently Opened File को प्रभावित करते हैं।

Using The Menu Editor

Standard Windows Menus हमेंशा Title Bar से Just नीचे Located होता है। Menu-Editor का प्रयोग करते हुए Menu Create करने के लिए हमें Form पर Right Click करना होता है। जब हम Form पर Right Click करते हैं, तब एक Popup Menu Display होता है। इस Popup Menu से हमें "**Menu Editor…**" Option को Select करना होता है। जब हम इस Option को Select करते हैं, तब हमें अगले चित्र के अनुसार Menu Editor Dialog Box दिखाई देता है। Visual Basic में Menu-Editor हमेंशा Design Time में ही उपलब्ध होता है, जहां हम Menu को अपनी जरूरत के आधार पर Design कर सकते हैं।



Menu Item Create करते समय सबसे पहले हमें Menu के Caption को Set करना होता है। Menu Caption वह नाम होता है, जो हमें Menu Bar पर दिखाई देता है। menu Caption में हम जो नाम लिखते हैं, उसके जिस Character को हम Access Key बनाना चाहते हैं, उस Character से पहले Prefix के रूप में '&' Ampersand Character को Use करना होता है। Access Key वह Character होता है, जो Keyboard के Alt Key को Press करने से Highlight हो जाता है।

Menu Bar के किसी Item का Caption Set करने के बाद हमें उस Menu Item का वह नाम Specify करना लिए होता है, जिसे Use करके हम उस Menu Item Object को Program के Code में Use करने में सक्षम हो पाते हैं। Visual Basic में किसी भी Object का नाम Specify करते समय हम सामान्यतया **Hungarian Notation** का प्रयोग करते हैं। इस Notation का प्रयोग करके हम ये तय करते हैं कि हम किस तरह के Object का नाम Define कर रहे हैं।

चूंकि हम यहां पर Menu Item का नाम Define कर रहे हैं, इसलिए नाम Specify करते समय हमें Name Text Box में Menu Item के नाम के साथ "**mnu**" Prefix का प्रयोग करना होता है, जो कि Menu Item के लिए Hungarian Notation है। सामान्यतया Hungarian Notation में किसी भी Object के नाम के Short Form के तीन Characters का प्रयोग किया जाता है, लेकिन हम हमारी सुविधानुसार इससे कम या ज्यादा Characters का प्रयोग कर सकते हैं।

यदि हम किसी Menu Item को कोई Shortcut Key Assign करना चाहें, तो ये काम हम Shortcut नाम के Combo Box द्वारा कर सकते हैं। इस Combo Box से हम जिस Shortcut Key को Select करते हैं, Currently Define किए जा रहे Menu Item के साथ वह Shortcut Key Set हो जाती है। Menu Editor पर निम्नानुसार एक Button Set होता है:

Next Button

इस Button पर Click करके हम अगले Menu Item पर Move हो सकते हैं।

Insert Button

इस Button का प्रयोग करके हम किसी नए Menu Item को पहले से Exist दो Menu Items के बीच में नया Menu Item Insert कर सकते हैं।

Delete Button

इस Button पर Click करके हम किसी Exist Menu Item को Menu से Delete कर सकते हैं।

इन Buttons के अलावा Menu Editor पर चार Arrow Buttons होते हैं। Up Arrow व Down Arrow Button का प्रयोग करके हम Menu में दिखाई देने वाले Menu Item की Position को Up या Down Direction में Shift कर सकते हैं। जबकि Right Arrow Button का प्रयोग करके हम किसी Menu Item को Main Menu का Sub Menu बनाने के लिए करते हैं और Left Arrow Button को Use करके हम किसी Sub Menu Item को Main Menu Item के रूप में Convert कर सकते हैं।

इनके अलावा Menu Editor पर Checked, Enabled, Visible व WindowList नाम के चार Check Box भी होते हैं, जिनका प्रयोग करके हम किसी Menu Item की Check, Enable व Visible Property को Set कर सकते हैं। WindowList नाम का Check Box MDI Form पर Window पर Effect दिखाता है।

Menu Bar में Separator का प्रयोग करने के लिए हमें किसी भी Menu Item के Caption में एक Single Dash का प्रयोग किया जाता है। जब हम किसी Menu Item के Caption में Dash का प्रयोग करते हैं, तो Program के Run Time में ये एक Separator की तरह दिखाई देता है।

Attaching Code With Menu Items

Visual Basic एक Event Driven Programming Language है। हम जब भी Computer के साथ किसी Action को Use करते हैं, तो कोई ना कोई Event Generate होता है। उदाहरण के लिए जब हम Mouse से Click करते हैं, तब Click Event Generate होता है।

इसी तरह से जब हम Keyboard से किसी Key को Press करते हैं, तब Keypress Event Generate होता है। Visual Basic में Develop किए जाने वाले Application में हम विभिन्न प्रकार के कामों को पूरा करने के लिए इन्हीं Events को उपयोग में लेते हैं।

उदाहरण के लिए जब हम Menu के किसी Item पर Click करते हैं, तब Click Event Generate होता है। इस Event के Response में हमें जो भी काम करने होते हैं, उन कामों को हम एक Procedure में लिख लेते हैं। ये Procedure **Event Procedure** कहलाता है।

Visual Basic में जितने भी Controls होते हैं, उन Controls के नाम व हमारे जिस Action के Response में हमें कोई काम करवाना होता है, उस Event के नाम दोनों नामों को एक Underscore के Symbol द्वारा आपस में Connect करके एक Procedure Create किया जाता है। ये Procedure ही Event Procedure होता है।

जैसे यदि हम File Menu के New Option पर Click करते हैं, तो इस Generate होने वाले Click Event को Handle करने के लिए हमें जो भी Code लिखने होते हैं, वे Codes हमें mnuFileNew_Click() नाम के Procedure में लिखने होते हैं। ये Event Procedure File Menu के New Option पर Click करने पर Execute होता है, जिससे इसमें लिखे गए Codes Execute हो जाते हैं।



Visual Basic में हमें किसी भी Event Procedure को Create करने की जरूरत नहीं होती है। हम जब भी किसी Menu Item को Click करते हैं अथवा जब भी किसी Control को Double Click करते हैं, तो उस Control व उससे Associated Default Event के Combination के Event Procedure का Header Automatically Create हो जाता है और हम Visual Basic के Code Editor Window में पहुंच जाते हैं, जहां हम Visual Basic Application के विभिन्न प्रकार के Runtime के Executable Codes विभिन्न प्रकार के Event Procedures में लिखते हैं।

Visual Basic के Code Window में लिखे जाने वाले विभिन्न प्रकार के Codes किसी ना किसी Event Procedure में ही लिखे जाते हैं। इस Code Window में दो Combo Box होते हैं। पहले Combo Box में Form पर स्थित विभिन्न प्रकार के Controls के नाम होते हैं, तथा दूसरे Combo Box में उस Control के साथ Use किए जा सकने वाले विभिन्न प्रकार के Events की जानकारी होती है। हम जिस Control के साथ जिस Event को Use करना चाहते हैं, उस Control व उससे Associated Event को Select करते ही Visual Basic स्वयं ही एक नया Event Procedure Create कर देता है, जिसे हम Code Window में देख सकते हैं।

Visual Basic में Menu Items के साथ केवल एक Click Event ही Associate हो सकता है, इसलिए विभिन्न Menu Items केवल Click Event को ही Response करते हैं और हमें जिस

Menu Item पर Click करने पर जो काम करवाना होता है, उस काम को हम उस Menu Item से Associated Event Procedure में ही Define करते हैं।

हमें जिस Menu Item के लिए Click Event को Handle करने वाला Event Handler Define करना होता है, उस Menu Item पर Single Click करते ही हम उस Menu Item के Click Event Handler में पहुंच जाते हैं, जहां हम उस Menu Item से सम्बंधित वे सारे काम Specify कर सकते हैं, जिन्हें हम Menu Item के Click होने पर पूरा करवाना चाहते हैं।

Dynamic Modification Of Menu Items

Visual Basic एक Object Based Programming Language है। इसमें विभिन्न कामों को करने के लिए हमें विभिन्न प्रकार के Visible अथवा Non-Visible Objects को Use करना होता है, जिन्हें हम Controls भी कहते हैं। जिस तरह दुनिया की हर वस्तु की कुछ ना कुछ विशेषता होती है, उसी तरह से Visual Basic के हर Control अथवा Object की भी अपनी कुछ विशेषताएं होती हैं, जिन्हें Object या Control की **Property** कहा जाता है।

ये Properties Object के Appearance से सम्बंधित होती हैं। Visual Basic के विभिन्न प्रकार के Controls की विभिन्न प्रकार की Properties होती हैं। हर Object की कुछ ऐसी Properties होती हैं, जिन्हें केवल Program के Design Time में ही Control किया जा सकता है, तो कुछ Properties ऐसी होती हैं, जिन्हें केवल Program के Run Time में ही Control किया जा सकता है। कुछ Properties ऐसी भी होती हैं, जो Program के Design Time व Run Time दोनों स्थानों पर Changeable होती हैं।



जब हम किसी Menu Item को Program के Design Time में Create करते हैं, तब हम Menu Item की कुछ Property Settings जैसे कि Checked, Enabled, Visible आदि को Design Time में ही Define कर लेते हैं।

एक बार इन Properties को Set कर दिए जाने के बाद हम इन Properties को Program के Run Time में भी Control कर सकते हैं। जब हम किसी Control की किसी Property को Program के Run Time में Control करते हैं, तब इस प्रक्रिया को Dynamic Modification कहा जाता है।

यदि हम हमारे पिछले बनाए गए Menu System के View Menu के Check Box को Control करना चाहें, तो हम ये काम निम्नानुसार Code द्वारा कर सकते हैं। इस Code में हम View Menu के Toolbar Option के आगे Check Box को Display कर रहे हैं।

```
Private Sub mnuViewToolbar_Click()
   mnuViewToolbar.Checked = True
End Sub
```

जब हम View Menu के Toolbar Option पर Click करते हैं, तब उपरोक्तानुसार mnuViewToolbar_Click() नाम का Event Procedure Create होता है। इस Event Procedure में हमने mnuViewToolbar Object की Checked Property को True कर दिया है। ऐसा करने के कारण जब हम इस Option पर Click करते हैं, तब ये Procedure Execute हो

जाता है, और Form के View Menu के Toolbar नाम के Option के साथ हमें एक Check दिखाई देने लगता है।

यदि इस एक Line के Code में हम थोडा सा परिवर्तन करके Code को निम्नानुसार Change कर दें, और फिर इस Menu Item पर Click करें, तो यदि Toolbar के साथ Check लगा होता है, तो वह Check हट जाता है और यदि इस Option के साथ Check लगा हुआ नहीं होता है, तो Check लग जाता है। ये Code निम्नानुसार है:

```
Private Sub mnuViewToolbar_Click()
  mnuViewToolbar.Checked = True = Not mnuViewToolbar.Checked = True
End Sub
```

चूंकि Menu Item की Checked Property Default रूप से True होती है, इसलिए उपरोक्त Define किए अनुसार Code को हम निम्नानुसार भी लिख कर सकते हैं:

```
Private Sub mnuViewToolbar_Click()
  mnuViewToolbar.Checked = Not mnuViewToolbar.Checked
End Sub
```

जब ये Code Execute होता है, तब यदि mnuViewToolbar Object की Checked Property में True मान होता है, तो Not Operator उस मान का Opposite मान यानी False मान mnuViewToolbar के Checked Property में Assign कर देता है, जिससे Toolbar Menu Item के साथ दिखाई देने वाला Check Symbol Hide हो जाता है।

लेकिन यदि Checked Property में False मान होता है, तो Not Operator की वजह से इस Property में True Store हो जाता है और Toolbar Option के साथ हमें एक Check Symbol दिखाई देने लगता है। इसी तरह से हम कुछ अन्य Menu Items की Properties को Set करने के लिए भी निम्नानुसार Codes लिख सकते हैं:

```
Private Sub Form_Load()
  mnuFileOpen.Enabled = False
  mnuViewStatus.Checked = True
  mnuFormatBold.Checked = True
  mnuPopup.Visible = False
End Sub
```

इन Code Lines द्वारा हम समझ सकते हैं कि हम Menu Design करते समय जिस तरह के Format का प्रयोग करके Menu के विभिन्न Items का नाम Specify करते हैं, उन नामों से Program को Code करते समय हमें काफी सुविधा हो जाती है।

उदाहरण के लिए mnuFormatBold नाम का Menu Item Format Menu का एक Sub Menu Item है। इसी तरह से mnuFileOpen Menu Item Open Menu का एक Sub Menu Item है।

Adding Pop-Up Menu With Application

Popup Menu और एक Top Level Menu, दोनों प्रकार के Menu Create करने में किसी प्रकार का कोई अन्तर नहीं होता है। अन्तर केवल इतना होता है, कि Top Level Menu Items Click Event से Effect में आते हैं, जबकि Popup Menu Mouse Up Event से Effect में आते हैं।

Popup Menu को भी सामान्य Menu की तरह ही Menu Editor में Create किया जाता है, लेकिन इस Popup होने वाले Main Menu की Visible Property को False कर दिया जाता है, जिससे Popup का Main Menu Display नहीं होता है और चूंकि Main Popup Menu ही Display नहीं होता है, इसलिए इसके Sub Menu Items भी Application Window के Top में Display नहीं होते हैं।

लेकिन इस Main Menu के सभी Sub Menu Items Normal होते हैं, इसलिए जब हम Parent Form के PopupMenu Method Call करते हैं और उसमें Argument के रूप में किसी Popup Menu का नाम Pass करते हैं, तो Argument के रूप में Pass किए गए Popup Menu के सभी Sub Menu Items Form पर उस स्थान पर दिखाई देने लगते हैं, जहां हमने Mouse के Right Button को Click किया है।

हम जिस Form पर Menu को Menu Editor द्वारा Design करते हैं, उसी Form पर हम किसी Popup Menu को Show करवा सकते हैं। इसलिए यदि हमने Form1 नाम के Form पर कोई Popup Menu Design किया हो, तो हमें निम्नानुसार Statement लिखकर Popup Menu को Display करवाना होगा:

```
Form1.PopupMenu mnuPopup
```

ये Statement Form1 नाम के Form पर बनाए गए mnuPopup नाम के Popup Menu को Show करने का काम करता है। सामान्यतया Popup Menu Application के किसी Specific Control अथवा किसी Specific Area से Related होता है। हम विभिन्न प्रकार के Popup Menus को Create करके उन्हें विभिन्न प्रकार के Application Area अथवा विभिन्न प्रकार के Controls के साथ Associate कर सकते हैं। Popup Menus को सामान्यतया Mouse के Right Button को Click करने पर Display करवाया जाता है।

MouseUp Event and MouseUp Event Procedure

चूंकि सामान्यतया Mouse के Right Button को Click करने पर ही Popup Menu Display होता है, इसलिए Popup Menu को Display करवाने के लिए हमें Mouse के MouseUp Event को Use करना होता है, क्योंकि सामान्यतया जब हम Mouse के Right Button को Press करके Release करते हैं, तो Button के Release होते समय यानी Mouse के Right Button के Up होते समय ही Popup Menu Display होता है। मानलो कि हम Form पर ही Mouse के Right Click से Activate होने वाले Popup Menu को Display करवाना चाहते हैं, तो हमारा MouseUp Event Procedure Form के साथ Associate हो जाएगा और ये Event Handler कुछ निम्नानुसार दिखाई देगा:

```
Private Sub Form_MouseUp(Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)

End Sub
```

इस Procedure में यदि हम उपरोक्त Code Type कर दें, तो हमें निम्नानुसार Procedure प्राप्त होगा:

```
Private Sub Form_MouseUp(Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)
   Form1.PopupMenu mnuPopup
End Sub
```

ये Procedure Create करने के बाद जब हम Application को Run करते हैं और Form पर Left Click करते हैं, तब हमें एक Popup Menu दिखाई देता है। लेकिन वास्तव में हमें ये Popup Menu Mouse के Right Button के Press करने पर ही दिखाई देना चाहिए। इस स्थिति में हमें Mouse के Right Button को Identify करना होगा।



MouseUp Event Procedure – The Button Argument

जब हम MouseUp Event के साथ किसी जरूरत को पूरा करना चाहते हैं, तब MouseUp Event Procedure में हमेंशा चार Arguments दिखाई देते हैं। इन चारों Arguments में एक Button नाम का Argument होता है। इस Argument में उन Mouse Button की Information होती है, जिससे Event से Associated Control पर Click किया गया है।

1 यदि हम Mouse के Left Button से Click करते हैं, तो इस Argument में vbLeftButton नाम का Visual Basic Constant मान होता है, जो कि Visual Basic का Default Mouse Button है।

2 यदि हम Mouse के Right Left Button से Click करते हैं, तो इस Argument में vbRightButton नाम का Visual Basic Constant मान होता है। और

3 यदि हम Mouse के Middle Button से Click करते हैं, तो इस Argument में vbMiddleButton नाम का Visual Basic Constant मान होता है।

हम MouseUp Event Procedure के इस Button Argument में Stored मान को Check करके ये पता लगा सकते हैं कि Mouse के किस Button से Click किया गया है। ये काम करने के लिए हमें If Control Statement का प्रयोग करना होता है। If Control Statement का प्रयोग यदि हम पिछले Procedure में करें, तो हम पिछले Procedure को निम्नानुसार Modify कर सकते हैं:

```
Private Sub Form_MouseUp(Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)

  If Button = vbRightButton Then
    Form1.PopupMenu mnuPopup
  End If

End Sub
```



इस MouseUp Procedure में हम Mouse द्वारा Associated Control पर किस Location पर Click कर रहे हैं, उस Location की X व Y Position की जानकारी MouseUp Event Procedure के X व Y नाम के Argument में होती है। यदि हम चाहें, तो Mouse के Click होने की Position की जानकारी को भी Print Method का प्रयोग करके Form पर Display कर सकते हैं, जिसके लिए हमें पिछले Procedure को निम्नानुसार Modify करना होगा:

```
Private Sub Form_MouseUp(Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)

  If Button = vbRightButton Then
    Form1.PopupMenu mnuPopup
  End If
  Print(X, Y)
End Sub
```

MouseMove Event and MouseMove Event Procedure

जब हम Mouse को Move करते हैं, तब MouseMove Event Trigger होता है और इस Event को Handle करने के लिए हम जिस Procedure को Create करते हैं, उसे MouseMove Event Procedure कहते हैं।

जब हम Mouse के MouseMove Event को Use करते हैं, तब भी Create होने वाले Procedure में ये ही चारों Arguments होते हैं। इसलिए यदि हम चाहें तो Mouse Pointer की Runtime Current Position को भी Form पर Display करवा सकते हैं। ये काम करने के लिए हमें Form के साथ MouseMove Event को Select करना होता है, जिससे निम्नानुसार Event Procedure Create होता है:

```
Private Sub Form_MouseMove(Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)

End Sub
```



अब Mouse के Pointer की Current Position को Display करने के लिए हम Form के Print Method को Use कर सकते हैं, लेकिन इस Method को Use करने पर हमें Form पर Mouse Position का पिछला मान भी दिखाई देता रहता है, इसलिए Mouse के पिछली Position के मान को Form पर से Clear करने के लिए हम Form के Cls Method को Use कर सकते हैं।

इस तरह से हम इस Procedure को निम्नानुसार Define कर सकते हैं, जो Mouse Pointer की Current Position को Form पर Display करता है:

```
Private Sub Form_MouseMove()
    (Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)
  Form1.Cls()
  Print(X, Y)
End Sub
```

MouseUp Event Procedure – The Shift Argument

MouseUp Event Procedure में Shift नाम का एक Argument और होता है। MouseUp Event Generate होते समय यदि हम Keyboard के Ctrl, Alt अथवा Shift अथवा इनके Combination को Press करके रखते हैं, तो Shift Argument में उस Special Key अथवा Key Combination की जानकारी होती है। इसका पता भी हम If Statement का प्रयोग करके लगा सकते हैं कि **MouseUp** Event के समय Keyboard के किस **Shift Key** को Press किया गया था।

1. यदि MouseUp Event के समय Shift Button को Press किया गया हो, तो Event Procedure के Shift नाम के Argument में Visual Basic का vbShiftMask Constant मान Stored होता है। हम इस मान के स्थान पर Integer मान 1 भी Use कर सकते हैं।

2. यदि MouseUp Event के समय Shift Button को Press किया गया हो, तो Event Procedure के Shift नाम के Argument में Visual Basic का vbCtrlMask Constant मान Stored होता है। हम इस मान के स्थान पर Integer मान 2 भी Use कर सकते हैं।

3. यदि MouseUp Event के समय Alt Button को Press किया गया हो, तो Event Procedure के Shift नाम के Argument में Visual Basic का vbAltMask Constant मान Stored होता है। हम इस मान के स्थान पर Integer मान 4 भी Use कर सकते हैं।

जब MouseUp Event के समय किसी Shift Button को Press किया गया होता है, तो वह Button True Return करता है। इस स्थिति में हम If Statement द्वारा ये Check करवा सकते हैं कि किसी Shift Button को Press किया गया है अथवा नहीं। इस प्रक्रिया को हम निम्न MouseUp Procedure द्वारा समझ सकते हैं:

```
Private Sub Form_MouseUp(Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)
  If Shift = vbCtrlMask Then
    MsgBox "Control Key was pressed"
  End If

  If Shift = vbAltMask Then
    MsgBox "Alt Key was pressed"
  End If

  If Shift = vbShiftMask Then
    MsgBox "Shift Key was pressed"
  End If

End Sub
```

इस Procedure को Create करने के बाद Form को Run करते समय हम जिस किसी भी Shift Key को Press करके रखते हैं, उस Shift Key से सम्बंधित Message Box Display हो जाता है। यदि हम एक से ज्यादा Shift Key Combination को Identify करना चाहें, तो हमें इस Trick के आधार पर काम करना होता है कि जब भी हम MouseUp Event के समय किसी Shift Key को Press करके रखते हैं, तो वह Key कोई ना कोई Non-Zero मान Return करता है, जो कि True को Represent करता है।

```
Private Sub Form_MouseUp _
  (Button As Integer, Shift As Integer, X As Single, Y As Single)

  If Shift = 0 Then
    MsgBox "No Shift Key was pressed. Key Value : 0"
  End If

  If Shift = vbCtrlMask Then
    MsgBox "Control Key was pressed. Key Value : " & vbCtrlMask
  End If

  If Shift = vbAltMask Then
   MsgBox "Alt Key was pressed. Key Value : " & vbAltMask "
  End If

  If Shift = vbShiftMask Then
   MsgBox "Shift Key was pressed. Key Value : " & vbShiftMask "
  End If
'-----------------------------------------------------------------
--
Dim blnIsAlt As Boolean
Dim blnIsCtrl As Boolean
Dim blnIsShift As Boolean

  blnIsAlt = Shift And vbAltMask
  blnIsCtrl = Shift And vbCtrlMask
  blnIsShift = Shift And vbShiftMask

  If blnIsCtrl And blnIsShift And blnIsAlt Then
   MsgBox "Ctrl and Shift Button is Pressed"
  Exit Sub
  End If

  If blnIsAlt And blnIsShift Then
   MsgBox "Alt and Shift Button is Pressed"
  End If

  If blnIsAlt And blnIsCtrl Then
      MsgBox "Alt and Ctrl Button is Pressed"
  End If

  If blnIsCtrl And blnIsShift Then
   MsgBox "Ctrl and Shift Button is Pressed"
  End If

 End Sub
```

जब हम कोई Shift Key Press नहीं करते हैं, तब Shift Argument में Zero होता है, जो कि False को Represent करता है, लेकिन जब हम किसी Shift Key को Press करते हुए Click करते हैं, तब MouseUp Event के Shift Argument में उस Shift Key का कोई Integer Number होता है।

Visual Basic में 0 के अलावा सभी मान True को Represent करते हैं, इसलिए जब हमें दो Shift Keys को एक साथ Check करना होता है, तब एक Boolean Type के Variable में निम्नानुसार मानों को Check करके True या False के रूप में Keys की Information को Hold किया जाता है:

```
blnIsAlt = Shift And vbAltMask
blnIsCtrl = Shift And vbCtrlMask
blnIsShift = Shift And vbShiftMask
```

पहले Statement में हमने Shift व vbAltMask Constant के बीच AND Masking किया है। AND Masking में दोनों ही Identifiers के मान यदि True हों, तो Resultant मान भी True होता है, जिसका मतलब ये है कि Mouse के Button को Press करते समय Alt Button को Press करके रखा गया था।

लेकिन यदि Mouse का Button Press करते समय Keyboard के Alt Button को Press करके नहीं रखा गया हो, तो Shift Argument में vbAltMask के मान के स्थान पर False यानी Zero होगा अथवा किसी अन्य Shift Button का Integer मान होगा, जिससे AND Masking के दौरान Shift Argument व vbAltMask दोनों के मानों में Difference होने के कारण False Return होगा और blnIsAlt नाम के Boolean Type के Variable में False Store हो जाएगा।

इसी तरह से blnIsCtrl व blnIsShift नाम के Boolean Type के Variable में भी उसी स्थिति में True Store होता है, जब Keyboard से क्रमशः Control Key अथवा Shift Key को Press करके रखते हुए Mouse से Click किया गया हो।

जब हम एक से ज्यादा Shift Keys को Press करके रखते हुए Mouse के Button को Press करते हैं, तब एक से ज्यादा Boolean Variables में AND Masking के दौरान True Store हो जाता है और If Statement में हम फिर से इन Boolean Variables की Values की AND Masking करके ये पता लगा लेते हैं, कि एक से ज्यादा Shift Keys Press की गई थी अथवा नहीं, क्योंकि यदि Mouse Clicking के समय एक से ज्यादा Shift Keys को Press किया गया हो, तो एक से अधिक Boolean Variables में True होगा और जिन दो Boolean Variables में True Stored होगा, उन्हीं से सम्बंधित If Statement True Return करेगा और Execute होगा।

Popup Method

Form Object के Popup Method में भी कुछ Arguments होते हैं, जिनका प्रयोग करके हम Display होने वाले Popup Menu को Control कर सकते हैं। एक Popup Method के विभिन्न Optional Arguments का Description निम्नानुसार है:

PopupMenu(***Menu As Object***, [*Flags*], [*X*], [*Y*], [*DefaultMenu*])

Menu As Object

इस Argument के स्थान पर हमें उस Popup Menu का नाम देना होता है, जिसे हम किसी Specified Control के लिए Display करना चाहते हैं। इस Argument के अलावा सभी अन्य Arguments Optional होते हैं।

हम हमारी जरूरत के अनुसार अन्य Arguments को छोड सकते हैं, लेकिन इस Argument को Specify करना जरूरी होता है। चूंकि हमने हमारे उदाहरण में अपने Popup Menu का नाम mnuPopup दिया है, इसलिए हमें इस स्थान पर यही नाम Specify करना होता ळें

Flags

इस Argument के स्थान पर हमें Popup Menu के Popup होते समय की Location का Flag Set करना होता है, जो निम्न में से कोई भी हो सकता है:

vbPopupMenuLeftAlign (Constant)

ये Default मान होता है। ये Constant Set करने पर Popup होने वाला Menu Mouse Pointer के Click होने की X Location के Left Side में Popup होता है।

vbPopupMenuRightAlign (Constant)

ये Constant Set करने पर Popup होने वाला Menu Mouse Pointer के Click होने की X Location के Right Side में Popup होता है।

vbPopupMenuCenterAlign (Constant)

ये Constant Set करने पर Popup होने वाले Popup Menu के बीच में Mouse Pointer का वह X Location होता है, जहां Mouse Click किया गया होता है।

vbPopupMenuLeftButton (Behavior)

ये Behavior Set करने पर Popup Menu उस समय Trigger होता है, जब User Mouse के केवल Left Button से Popup होने वाले Menu के किसी Menu Item को Click करता है।

vbPopupMenuRightButton (Behavior)

ये Behavior Set करने पर Popup Menu उस समय Trigger होता है, जब User Mouse के किसी भी Button से Popup होने वाले Menu के किसी भी Menu Item को Click करता है।

जब हम Constant व Behavior दोनों को एक ही Argument में Set करना चाहते हैं, तब हमें दोनों मानों के बीच OR Operator का प्रयोग करना होता है। जैसे निम्न Statement Flags Argument में Popup Menu को Center में Align करेगा और Popup Menu Right व Left दोनों Button से Activate होगा:

```
Form1.PopupMenu mnuPopup, vbPopupMenuCenterAlign Or _
vbPopupMenuRightButton , , mnuPopupPrint
```

X, Y

इन Argument के स्थान पर हम जो भी मान Specify कर देते हैं, हमारा Popup Menu हमेंशा उसी Location पर Display होता है, फिर चाहे हम Control पर किसी भी स्थान पर Click क्यों ना करें।

चूंकि सामान्यतया हम Menu को उसी स्थान पर Display करवाना चाहते हैं, जहां हमने Right Click किया होता है, इसलिए इन Arguments को Fill नहीं किया जाता है। जब हम इन Arguments को Fill नहीं करते हैं, तब इनमें Mouse के Pointer की Current Position का Coordinate Automatically Set हो जाता है।

DefaultMenu

हम Popup Menu के जिस Item को Default रूप से Selected रखना चाहते हैं, उस Menu Item का नाम हमें इस Argument में Specify करना होता है।

जब हम किसी Method को Call करते हैं और उसमें बहुत सारे Arguments को Pass किए जाने की व्यवस्था होती है, तब हम विभिन्न प्रकार के Arguments को क्रम से Specify कर सकते हैं। लेकिन यदि हमें कुछ Arguments को छोड कर कुछ ही Arguments को Specify करना हो, तो हमें एक विशेष तरीके को Use करना जरूरी होता है।

मानलो कि हम PopupMenu में केवल प्रथम व अन्तिम Argument को ही Set करना चाहते हैं, इस स्थिति में इस PopupMenu Method को Use करते समय हमें इसमें Arguments को निम्नानुसार Pass करना होगा।

```
Form1.PopupMenu mnuPopup, , , , mnuPopupPrint
```

किसी भी Method में हम प्रथम Argument को सामान्य तरीके से Specify कर सकते हैं, लेकिन यदि हम पिछले तरीके को Use करना ना चाहें, तो हम एक और तरीका Use करके किसी Procedure के विभिन्न Optional Arguments के मानों को बिना क्रम का ध्यान रखते हुए Pass कर सकते हैं, लेकिन इस तरीके में हमें Argument के नाम का पता होना जरूरी होता है।

उदाहरण के लिए यदि हम पिछले Statement को ही इस तरीके से Specify करें, तो हमें निम्नानुसार Argument Passing Code लिखना होगाः

```
Form1.PopupMenu mnuPopup, DefaultMenu := mnuPopupPrint
```



First Argument को Pass करने के लिए हमें किसी तरीके की जरूरत नहीं है, क्योंकि सामान्यतया सबसे पहले उन्हीं Arguments में मान Pass करने होते हैं, जिन्हें Pass करना जरूरी होता है और ये Compulsory Arguments एक Series में होने की वजह से इनके नामों को Specify करने की जरूरत नहीं होती है ना ही हम Compulsory Arguments के नामों को Specify कर सकते हैं, क्योंकि Compulsory Arguments के नामों में Visual Basic में Space का प्रयोग किया गया होता है और हम किसी Space युक्त Variable को सामान्य तरीके से Specify नहीं कर सकते हैं।

लेकिन Optional Arguments एक Single String Name होते हैं, इसलिए इन्हें Directly Access किया जा सकता है। इसी वजह से हमने PopupMenu Method के अन्तिम Option Argument के नाम DefaultMenu में **:=** Assignment Operator का प्रयोग करके Directly

Default Menu Item का नाम Specify कर दिया है। Default Item को चित्र में Bold Face के रूप में देखा जा सकता है।

Adding Deleting Menu Items At Runtime

Runtime Menus Application के Runtime में उस समय Create होते हैं, जब उनकी जरूरत होती है। Runtime Menu Items Create करने के लिए हमें Menu का Control Array Create करना पडता है। Application के Runtime में Load Statement नया Menu Item Create करता है और Unload Statement किसी Menu Item को Delete करता है।

Creating Runtime Menu Items

Runtime Menu Item Create करने के लिए हमें तीन Steps को Follow करना पडता है। ये Steps निम्नानुसार हैं:



1 सबसे पहले हमें Menu Editor में उस Menu को Create करना होता है, जिसमें नए Sub Items को Application के Run Time में Add करना होता है। हमें जिस Sub Menu में नए Run Time Items को Add करना होता है, उसमें एक Sub Menu Item Create किया जाता है और उसे Control Array बना दिया जाता है। Control Array बनाने के लिए उस Sub Menu Item की Index Property में मान 0 लिख दिया जाता है, जिससे बनने वाला Item एक Control Array बन जाता है। Control Array एक ऐसाArray होता है, जो कि Visual Basic के किसी Control का Array होता है।

2 दूसरे Step में हमें Load Statement का प्रयोग करके Menu के Items को Application के Run Time में Load करना होता है। इस काम को हम निम्नानुसार Syntax द्वारा कर सकते हैं:

```
Load mnuRTMenuOption(1)
```

Menu Item का नाम Design Time में दिए गए उसी नाम पर ही आधारित होता है, जिसकी Index Property को हमने Set किया होता है। नया Menu Item Create करने के लिए हमें केवल उस नाम व एक Unique Index Number को Use करना होता है, जिसे Control Array में पहले Use ना किया गया हो।

3 जब Menu Item Load हो जाता है, उसके बाद हम उस Loaded नए Item को Access करने के लिए Menu के नाम व Index Value का प्रयोग कर सकते हैं। Menu Item के Load हो जाने के बाद हम Menu Item के साथ विभिन्न प्रकार की अन्य Run Time Properties को Set कर सकते हैं।

4 जब Menu Item को Program के Run Time में Create कर लिया जाता है, तब वह Menu Item Control Array का एक हिस्सा बन जाता है। जब हमें Runtime में Generate किए गए

Menu के लिए Code लिखने होते हैं, तब Design Time में Create किए गए Menu के First Index Number को आधार के रूप में Use करना होता है।

जो Menu Item हमने Design Time में Create किया था, उसमें Click Event नाम का एक Extra Argument होता है। **Index** Argument किसी Control को Identify करने के लिए Use किया जाता है।

Dynamic Menu Items के लिए हम निम्नानुसार Code लिख सकते हैं, जिसमें Code लिखने के लिए हमें Design Time में Create किए गए Menu Item के Click Event को Choose करना होता है। जब हम ऐसा करते हैं, तब हमें Code Window में निम्नानुसार एक Procedure Header प्राप्त हो जाता है:

```
Private Sub mnuRTMenuOption_Click(Index As Integer)

End Sub
```

इस Procedure में Index नाम का एक Argument होता है। इस Argument में उस Menu Item के Index का Number होता है, जिसे Click किया जाता है। चूंकि हमारे Menu Items Runtime में Create हो रहे हैं, फिर भी Runtime में भी Create होने वाले हर Menu Item का एक Index Number होता है, इसलिए यदि हम Runtime में Create होने वाले किसी Menu Item पर भी Click करते हैं, तब भी उस Runtime में Created Menu Item का Index Number इस Index Argument में आता है।

इसलिए हम Runtime में Create होने वाले Menu Item को भी इसी Procedure द्वारा Handle कर सकते हैं। इस Procedure में हम निम्नानुसार Code लिख सकते हैं, जो केवल एक Message Display करने का काम करता है:

```
Private Sub mnuRTMenuOption_Click(Index As Integer)

  Select Case Index
    Case 0
      MsgBox "You have clicked the first menu item."
    Case 1
      MsgBox "You have clicked the first Runtime menu item."
    Case 2
      MsgBox "You have clicked the second Runtime menu item."
  End Select
End Sub
```

Program के Run Time में दो नए Menu Items Create करने के लिए हम Form_Load Procedure में निम्नानुसार दो नए Menu Items को Load कर सकते हैं:

```
Private Sub Form_Load()

  Load mnuRTMenuOption(1)
  Load mnuRTMenuOption(2)

  mnuRTMenuOption(0).Caption = "First Menu Item Of Design Time"
  mnuRTMenuOption(1).Caption = "First Menu Item Or Runtime"
```

```
    mnuRTMenuOption(2).Caption = "Second Menu Item Or Runtime"
End Sub
```

केवल उन्हीं Menu Item को Runtime में Remove किया जा सकता है, जिन्हें Run Time में Create किया गया होता है, Design Time में Create किए गए Menu Items को Run Time में Remove नहीं किया जा सकता है। Runtime Menu Items को Remove करने के लिए हम दो तरीकों का प्रयोग कर सकते हैं। पहले तरीके में Menu Item की Visible Property को False करके Item को Invisible कर दिया जाता है। इस तरह का Item Invisible होने के बावजूद भी Memory में रहता है और उसकी Properties को Access किया जा सकता है। इस पहले तरीके को हम निम्नानुसार Use कर सकते हैं:

```
mnuRTMenuOption(2).Visible = False
```
